**<u>अति आवश्यक</u>**

**भारत सरकार**

**विदेश मंत्रालय**

**क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय जयपुर**

**दूरभाष : 0141-2702515**
**फ़ैक्स: 0141- 2710219**
**ईमेल: rpo.jaipur@mea.gov.in**

**जे-14 झालाना संस्थानिक क्षेत्र,**
**झालाना डूंगरी, जयपुर-302051**

**संदर्भ संख्या: जेपीआर/551/कैंप/2016** **06 दिसम्बर, 2017**

# विज्ञप्ति

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय जयपुर से संबद्ध **पासपोर्ट सेवा लघु केंद्र *उदयपुर* मे** एप्पोइंटमेंट हेतु लंबी प्रतीक्षा को देखते हुए **दिनांक 10 दिसम्बर, 2017 (रविवार) को विशेष "पासपोर्ट मेला" का आयोजन** करने का निर्णय लिया गया है।

मेले मे **300 एपोइंटमेंट का प्रावधान रखा गया है**। इस मेले मे केवल उन्ही आवेदको के आवेदन स्वीकार किए जाएंगे जो नए पासपोर्ट अथवा पासपोर्ट नवीनीकरण हेतु आवेदन कर रहे हैं। तत्काल एवं पी सी सी के आवेदन मेले में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। साथ ही जिन आवेदको के आवेदन पासपोर्ट सेवा केंद्र मे लंबित (On Hold) हैं उनके आवेदन भी इस मेले मे निस्तारित नहीं किए जाएंगे।

आवेदको को मेले के दिन का एप्पोइंटमेंट लेने के लिए फीस का भुगतान कर **पीएसएलके उदयपुर 10 दिसम्बर, 2017** का चयन करना होगा। आवेदन के लिए एपोइंटमेंट **दिनांक 07 दिसम्बर, 2017 को दोपहर 1:00** बजे से लिए जा सकते है जिसके लिए वेब साइट (www.passportindia.gov.in) पर विशेष व्यवस्था कर दी जायेगी।

सीताराम मीना

**(एस.आर. मीना)**
**क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी**